तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

11 बैठक में सरकार की योजनाओं को जन-जन ...

12 अहिल्दा की स्कूल में भरा पानी शिक्षकों और छात्रों ...







## खबर संक्षेप

### 130 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल आरोपी के कब्जे से 130 पाव अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त अर्टिका कार जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर कृषि उपज मंडी खोरसीनाला के सामने खैंदा मेन रोड के पास घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा। जिले में अवैध रूप से शराब के क्रय-विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल बलौदाबाजार की संयुक्त पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए लग्जरी कार से भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 7 जुलाई को नाकाबंदी की और दोपहर करीब 1 बजे एक सफेद रंग की अर्टिका कार क्रमांक डीएल 1 सीएई 6066 में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में चालक ने अपना नाम धनकुमार टंडन बताया। अवैध रूप से शराब परिवहन के संबंध में पूछताछ करने पर वह टालमटोल करने लगा, जिसके बाद गवाहों के समक्ष वाहन की सघन तलाशी ली गई, जिसमें वाहन के बीच वाले सीट से: एक सफेद-लाल रंग के थैले से 40 पौवा गोवा शराब बरामद हुई। कार की डिक्की से 90 पौवा रोमियो देशी मसाला शराब बरामद हुई। इस प्रकार आरोपी के पास से कुल 130 पाव शराब जब्त की गई। साकिन खैंदा निवासी आरोपी 58 वर्षीय धनकुमार टंडन के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है तथा आरोपी को आज 7 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और अखण्डता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं। वर्ष 2026 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के पात्र व्यक्तियों, संस्थाओं और नागरिकों से निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन नामांकन हेतु अपील की है। नामांकन ऑनलाईन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ही स्वीकार किए जाएंगे। यह पुरस्कार उन लोगों को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिन्होनें समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा दिया है।

### भारी वाहनों से मार्ग भी गड्ढे में तब्दील

# महानदी शबरी सेतु पुल पर दो कैप्सूल वाहन हुए खराब और लगा घंटों जाम





**हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी**

बलौदाबाजार जिले के ग्राम गिधौरी और जांजगीर जिले के शिवरीनारायण शबरी सेतू महानदी पुल पर बुधवार सुबह 6 बजे महानदी पुल पर दो कैप्सूल ट्रक खराब होने की वजह से गिधौरी शिवरीनारायण दोन तरफ भारी वाहनों की लम्बी लाईन लग गयी थी। जिससे घंटों आवागबन बाधित रहा। लगातार गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर जर्जर एवं जानलेवा गड्ढे तथा शबरी सेतु की जर्जर सड़क प्रदेश में छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसका मुख्य कारण भारी वाहनों का गुजरना सड़क को एक सप्ताह में गड्ढे एवं जर्जर होना आम बात हो गई है, लेकिन शासन प्रशासन की मौन से राहगीरों एवं आम जनता को भुगतना पड रहा है। बुधवार को जिले के गिधौरी स्थित शबरी पुल पर पिछले घंटों लंबा जाम लग गया था। शबरी सेतु महानदी पुल के बीचों-बीच दो कैप्सूल के खराब होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। इस जाम से जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार के बीच आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जाम में फंसे यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, शबरी पुल बलौदाबाजार और जांजगीर-चांपा जिले को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। ऐसे में मार्ग बाधित होने से दोनों जिलों के बीच आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फिलहाल खराब वाहनों को हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि यातायात जल्द से जल्द सामान्य हो सके।

## दो बाइकों में भिड़ंत : दो की मौत, महिला गंभीर



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा**

भाटापारा-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर अर्जुनी-खमरिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

मामला भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एसडीओपी तारे साहू के अनुसार गणेश कुमार कौशले 48 अपनी पत्नी रेवती बाई 40 निवासी भैंसा पसरा बलौदाबाजार के साथ बाइक से बलौदा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक, जिसे मोहित वर्मा 40 निवासी गोढी टी भाटापारा ग्रामीण निवासी भाटापारा की ओर जा रहा था, से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

हादसे में गणेश कुमार कौशले और मोहित वर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, गणेश की पत्नी रेवती बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल बलौदा बाजार में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मामले की जानकारी मिलते ही भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए

## रायपुर रोड पर पलटा ऑटो उठे सड़क सुरक्षा पर सवाल



**बलौदाबाजार।** शहर में प्रमुख मार्गों पर बने डिवाइडरों एवं उनमें छोड़ी गई अवैज्ञानिक कटिंग्स लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही हैं। मंगलवार सुबह रायपुर रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर की कटिंग के समीप एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में अमेरा निवासी 55 वर्षीय नीलकंठ साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 और सिटी कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया।

पुलिस के अनुसार, सुबह 8.53 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही डायल-112 (बाज-1) की टीम, जिसमें आरक्षक अनिल कुमार साहू एवं वाहन चालक जीवन सिंह राजपूत शामिल थे, घटनास्थल पर पहुंची। घायल चालक के सिर में गंभीर चोट लगी थी और अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब शहर में डिवाइडरों और उनकी कटिंग्स को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। बीते कुछ दिनों में कोतवाली थाना के सामने स्कूल बस और कार की टक्कर तथा गार्डन चौक पर दो कारों की भिड़ंत जैसी घटनाएं भी डिवाइडर कटिंग के आसपास हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाटापारा रोड, रायपुर रोड, लवन रोड तथा नगर के अन्य प्रमुख मार्गों पर बनी अधिकांश कटिंग्स दुर्घटना संभावित स्थल बन चुकी हैं और लगभग प्रतिदिन किसी न किसी हादसे की सूचना सामने आ रही है।

## मल्दी माइंस में लोहे के 86 रोलर चोरी

### गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, पिकअप वाहन भी जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला**

पुलिस ने मल्दी माइंस क्रेशर खदान एरिया में हुई लोहे के कीमती रोलर चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में तुलसी यादव 20 वर्ष, सोहन ध्रुव 21 वर्ष और मनीष ध्रुव 22 वर्ष शामिल हैं, जो सभी मल्दी निवासी हैं।

### पीछा करने पर पलट गई थी चोरों की गाड़ी

अंबुजा सीमेंट खदान की एमएसएफ एजेंसी के प्रार्थी प्रेमलाल सरदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 जून की रात करीब 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने खदान एरिया से लगभग 25,000 रुपये कीमत के 86 नग लोहे के रोलर एक टाटा पिकअप CG 12 BG 5619 में लोड कर चोरी कर लिए थे। जब प्रार्थी और अन्य लोगों ने चोरों का पीछा किया, तो घबराहट में आरोपियों का पिकअप वाहन पलट गया। इसके बाद आरोपी वाहन और चोरी का माल मौके पर ही छोड़कर भाग निकले थे।

### पूछताछ में खुला राज

पुलिस ने मामले में नए कानून के तहत अपराध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की। पूर्व में पकड़े गए एक आरोपी गुपेश साहू से मिली जानकारी और एसपी ओ.पी. शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाया। घेराबंदी कर पकड़े गए तीनों आरोपियों ने कड़ाई से पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 86 नग लोहे के रोलर और घटना में इस्तेमाल पिकअप वाहन को जप्त कर लिया है। आज 7 जुलाई को तीनों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है, वहीं मामले के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



## खोरसी नाले में बहे विद्युत कर्मी का शव मिला, इ्यूटी पर जाते समय बहा था वाहन





**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार**

खोरसी नाले में पिकअप वाहन बहने की घटना में लापता विद्युत विभाग के कर्मचारी का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय पार्थिव ध्रुव पिता संतोष ध्रुव निवासी ग्राम झोंका के रूप में हुई है। वे विद्युत अवरोध सुधारने के लिए साथियों के साथ ग्राम अचानकपुर जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, 6-7 जुलाई की दरम्यानी रात करीब एक बजे बलौदाबाजार विद्युत मंडल को ग्राम अचानकपुर में बिजली बाधित होने की सूचना मिली थी। इस पर ठेकेदार के चार कर्मचारी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएल-4955 से मौके के लिए रवाना हुए। ग्राम खैंदा और अचानकपुर के बीच खोरसी नाले पर बने रपटे को पार करते समय पानी का बहाव अत्यधिक तेज था, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर नाले में बह गया। वाहन में सवार तीन कर्मचारी किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, जबकि पार्थिव ध्रुव तेज बहाव में लापता हो गए थे। घटना के बाद एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की टीम ने रात भर खोज अभियान चलाया। बलौदाबाजार एसडीएम प्रकाश कोठी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर मोटरबोट से नाले में कई किलोमीटर तक तलाश कराई थी। पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा भी ग्रामीणों के साथ खोज अभियान में शामिल रहे। बुधवार सुबह खैरी रपटे के पास पार्थिव ध्रुव का शव बरामद किया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया

# ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक में नेता प्रतिपक्ष महंत शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल**



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को कांग्रेस कार्यालय कसडोल में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ कसडोल विधायक संदीप साहू भी पहुंचे, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के अध्यक्ष दयाराम वर्मा, सोनाखान ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, लवन ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव तथा पलारी ब्लॉक अध्यक्ष रवि दास बंजारे ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का स्वागत किया। वहीं विधायक संदीप साहू ने समस्त कसडोल विधानसभा की ओर से पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, दिनेश यदु, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, परमेश्वर यदु, शैलेन्द्र बंजारे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का भी स्वागत किया गया। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर रणनीति तैयार करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन, किसान कांग्रेस, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से गायत्री कैवर्त, निरेंद्र क्षत्रिय, चंदन साहू, शाहिल यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू योगेश बंजारे, द्वारका निर्मलकर, मुरारी धिवर, खिखराम वर्मा, मनीष मिश्रा, गोविंद मिश्रा, जागेश्वर वर्मा, चंद्रराम केवट, खुशीलाल साहू, पंकज जायसवाल, गौरीशंकर साहू, जागाऊ राम पटेल, मानाराम विज, लक्ष्मीशंकर जायसवाल, अमृत मनहर, रामखिलावन डहरिया, सुयश तिवारी, बसंत श्रीवास, मिलन डहरिया, सूर्य यादव, गोल्डी साहू, खगेश पटेल, मनमोहन पटेल, पेखन ध्रुव, कंतूराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### सेवा कार्य के लिए सरस्वती सेवा मंडल गठन



**खरोरा**। विद्या भारती सेवा क्षेत्र की शिक्षा के अखिल भारतीय संयोजक मा. रामस्वरूप शर्मा के सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा आगमन पर पूर्व छात्रों की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में सेवा कार्य प्रारंभ करने के लिए सरस्वती सेवा मंडल का गठन किया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप शर्मा ने कहा सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र पढ़ लिखकर विभिन्न कार्यों में अब लग गए हैं। अपने व्यवसाय एवं परिवार चलाते हुए समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पिछड़ी बस्तियों में संस्कार केंद्र खोलकर उन बच्चों भी में भी शिक्षा संस्कार देने का आग्रह किया। इस निमित्त पूर्व छात्रों की सरस्वती सेवा मंडल का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक लोमस देवांगन, संयोजक विनय वर्मा, सहसंयोजक टेकेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, निधि प्रमुख संजय सेन, शेषनारायण वर्मा सदस्य- लक्ष्मी साहू, देवा क्षत्रि, तुषार गुप्ता, कृष्ण बंछोड़, काजल वर्मा, रेणुका देवांगन, प्रियंका वर्मा. समिति गठन के पश्चात बैठक संपन्न हुई। बैठक में विनय वर्मा ने अपने दादाजी के स्मृति में एक संस्कार केंद्र, लोमस देवांगन ने अपने माता जी के स्मृति में एक संस्कार केंद्र, शेषनारायण वर्मा ने अपने दादाजी के स्मृति में एक संस्कार केंद्र प्रारंभ करने की घोषणा की । इस अवसर पर संस्कार केंद्र के अखिल भारतीय संयोजक रामस्वरूप शर्मा, प्रांत प्रमुख चंद्रकुमार डडसेना, प्राचार्य अश्वनी पाटकर, प्रधानाचार्य संजय वर्मा, पूर्व आचार्य रोहित वर्मा, पूर्व छात्र प्रमुख दमयंतीन डडसेना सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे ।

### रोजगार मेला में 13 युवाओं को मिला ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र

**बलौदाबाजार**। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 43 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 13 आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु 5 नियोजकों से प्राप्त 234 पदों की भर्ती हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 476 आवेदकों द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया, जिसमें से 147 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया गया। रोजगार मेला में नियोजक भारतीय जीवन बीमा बलौदाबाजार द्वारा अभिकर्ता के 50 पद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 1 पद, मैनेजर के 1 पद हेतु 49 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें से 9 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। इसी प्रकार ऋषभ वेंचर्स बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 11 पद, इलेक्ट्रीशियन के 1 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 1 पद, के लिए 25 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 13 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 9 आवेदकों को मेला स्थल पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया गया। किरण एग्रीकल्चर बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 11 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, एकाउंटेंट का 1 पद, हेतु 24 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया गया जिसमें से 6 आवेदको का प्राथमिक चयन किया गया। यूनिक्स सॉल्यूशन प्रा. लि. रायपुर द्वारा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 35 पद, हेतु 43 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें से 9 आवदकों का प्राथमिक चयन एवं 4 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। आश्रव फाउंडेशन एंड सिक्योरिटी रायपुर द्वारा बेबीसीटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, हाउसकीपिंग के विभिन्न पदों हेतु 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया गया जिसमें से 6 आवेदको का प्राथमिक चयन किया गया। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक एवं चयनित आवेदकों को एक सप्ताह के अंदर संबंधित संस्था में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि चयन संबंधित अंतिम कार्यवाही पूर्ण किया जा सकें।

# करोड़ों की लागत से बना स्टेडियम देख-रेख व मेंटेनेंस के अभाव में हो रहा कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल


अलग खबर

नगर पंचायत कसडोल में अधोसंरचना मद से नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा खिलाड़ियों के लिए 5 करोड़ की लागत से बनी इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम उचित देख-रेख व मेंटेनेंस के अभाव कबाड़ होते जा रहा है। जहां न तो खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधा है और न ही किसी प्रकार की खेल व्यवस्था है। जो कि किसी बड़े भ्रष्टाचार को इंगित कर रहा है।

उक्त स्टेडियम के निर्माण सम्बन्धी अनियमितताओं एवं गुणवक्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए राघवेन्द्र पवार ने पी एम ओ नई दिल्ली को पत्र लिखा है। राघवेन्द्र पवार ने बताया कि दुर्भाग्यवश उक्त स्टेडियम वर्तमान में खिलाड़ियों के उपयोग हेतु उपयुक्त स्थिति में नहीं है। करोड़ों की लागत से बनी स्टेडियम की टीन शेड बार-बार उड़ जाती है तथा अनेक स्थानों पर छेद हो जाने से वर्षा का पानी स्टेडियम के अंदर टपक रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित वुडन फ्लोरिंग पानी एवं नमी के कारण खराब एवं सड़ने लगे हैं। इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी नहीं है। इसके अलावा उक्त निर्माण में अनेक स्थानों पर दरारें आ गए हैं खिलाड़ियों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। स्टेडियम परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से कोई व्यवस्था नहीं है।

## खिलाड़ी राघवेन्द्र ने बने इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम की जांच के लिए पीएमओ को लिखा पत्र





प्रति,

माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार नई दिल्ली

विषय:- नगर पंचायत कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) में अधोसंरचना मद नगरीय प्रशासन विभाग से लगभग ₹5.00 करोड़ की लागत से निर्मित इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम में निर्माण संबंधी अनियमितताओं एवं गुणवत्ता की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही किए जाने बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत विकासखंड कसडोल की नगर पंचायत कसडोल में वर्ष 2018 में अधोसंरचना मद नगरीय प्रशासन विभाग से लगभग ₹5.00 करोड़ की लागत से एक इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कराया गया था जिसका निर्माण एजेंसी नगर पंचायत कसडोल था।

दुर्भाग्यवश उक्त स्टेडियम वर्तमान में खिलाड़ियों के उपयोग हेतु उपयुक्त स्थिति में नहीं है। निर्माण कार्य में गंभीर गुणवत्ता संबंधी कमियाँ एवं अनियमितताएँ परिलक्षित हो रही हैं, जिसके कारण करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में

### उच्च स्तरीय तकनीकी एव वित्तीय जांच की मांग

आउटडोर मैदान में लेबलिंग नहीं है जिससे खेल गतिविधियों का संचालन कर पाना बहुत मुश्किल है। स्टेडियम में देखरेख व मेंटेनेंस का अभाव है। इस सम्बंध में कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया पर आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई । पवार ने बताया कि कसडोल विकासखंड एक आदिवासी एवं ग्रामीण अंचल है जहां अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी निवास करते हैं जिन्हें प्रतिदिन प्रेक्टिस की आवश्यकता है पर स्टेडियम की स्थिति के कारण खेल प्रतिभाएं प्रभावित हो रही है इस सम्बंध में पवार ने स्वतंत्र एवं सक्षम एजेंसी से उच्च स्तरीय तकनीकी एव वित्तीय जांच की मांग एवं साथ ही स्टेडियम की आवश्यक मरम्मत एवं उन्नयन कराकर इसे खिलाड़ियों के उपयोग हेतु शीघ्र सुचारू रूप से संचालित करने का आग्रह पी एम ओ नई दिल्ली से की है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना से होती है आरती

# शिवरीनारायण महानदी की गंगा आरती बनी नगर की नई पहचान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित गंगा महानदी आज अपनी भव्य एवं दिव्य महानदी गंगा आरती के कारण नगर की नई पहचान बन चुकी है। बनारस एवं अयोध्या की तर्ज पर शबरीनारायण धाम में प्रतिदिन आयोजित होने वाली महानदी गंगा आरती श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है।

इसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं उनकी टीम के विशेष प्रयासों से हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी पार्षद सत्येंद्र केवट के नेतृत्व में प्रतिदिन सुव्यवस्थित रूप से गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में वैवाहिक वर्षगांठ पर नगर पंचायत के पार्षद ओमप्रकाश छाया साहू तथा राहौद के तहसीलदार चन्द्रकांत चंद्रवंशी अपनी पत्नी के साथ मुख्य यजमान के रूप में महानदी गंगा महाआरती में सम्मिलित हुए।

शान्ति कुंज हरिद्वार से शिक्षा प्राप्त किए धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के पंडित चंद्रमोहन शर्मा महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों दंपतियों से विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया। महानदी गंगा आरती के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। महाआरती के दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रतिदिन आयोजित होने वाली यह महानदी गंगा आरती अब शिवरीनारायण की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान के रूप में स्थापित हुआ है । चित्रोत्पला गंगा महानदी, जिसमें तीन नदियों का संगम है। महानदी, शिवनाथ नदी एवं जोंक नदी त्रिवेणी संगम के नाम से विख्यात है। नदियों के इस दिव्य संगम स्थल त्रिवेणी संगम पर श्रद्धा एवं विधि-विधान से की गई आरती, पूजा और प्रार्थना से श्रद्धालुओं को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा महाआरती में शामिल होकर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## सेवा सेतु केंद्र बना आमजन के लिए भरोसे का केंद्र

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन की जनहितकारी पहल सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों को सरल, सुलभ और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। इसका लाभ अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक भी सहजता से पहुंच रहा है। इसी का एक प्रेरणादायक उदाहरण ग्राम करमदा निवासी पूर्णिमा ध्रुव हैं, जिन्हें अपने पुत्र आयुष ध्रुव के विद्यालय में जमा किए जाने वाले जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर मिल गया।

पूर्णिमा ध्रुव ध्रुव अपने पुत्र आयुष ध्रुव के विद्यालय में जमा किए जाने वाले जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गांव के चॉइस सेंटर पहुंची थीं। इसी दौरान गांव के एक युवा ने उन्हें बताया कि सेवा सेतु केंद्र में यह कार्य कम समय और बेहद कम सेवा शुल्क में हो जाता है। इस जानकारी के बाद पूर्णिमा ध्रुव ने सेवा सेतु केंद्र में आवेदन किया। आवेदन करने के मात्र एक सप्ताह के भीतर पूर्णिमा ध्रुव को उनके सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिए गए। समय पर दस्तावेज मिलने से उनके पुत्र आयुष ध्रुव, जो कक्षा छठवीं में अध्ययनरत हैं, के स्कूल में आवश्यक दस्तावेज जमा करने की चिंता भी दूर हो गई।



पूर्णिमा ध्रुव ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि गांव से बलौदाबाजार स्थित सेवा सेतु केंद्र आते समय उन्हें लग रहा था कि प्रमाण पत्र बनवाने में काफी समय और अधिक खर्च आएगा, लेकिन यहां पहुंचने पर उनकी सारी आशंकाएं दूर हो गईं। उन्होंने कहा कि बहुत ही कम सेवा शुल्क में, बिना किसी परेशानी के और बेहद कम समय में उनके सभी दस्तावेज तैयार होकर मिल गए। उन्होंने सेवा सेतु केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र आम लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। उन्होंने इस जनहितकारी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पहल से ग्रामीण परिवारों को समय, धन और अनावश्यक भाग दौड़ तीनों से राहत मिल रही है।

## आंगनबाड़ी ख़रतोरा में ईसीसीई डे व न्योता भोज का आयोजन

**पलारी**। बलौदाबाजार के प्रथम ग्राम पंचायत खरतोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में ईसीसीई डे व प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद क्रमांक 1 कार्यकर्ता यमुना साहू ने अपने सुपुत्र विजय कुमार साहू के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर न्योता -भोजन का आयोजन किया।यह आयोजन राजेंद्र भारती सरपंच ग्राम पंचायत खरतोरा, सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा भारती एवं जानकी यादव, गीता साहू, सावित्री जायसवाल व पंचगण, सदस्यों में गर्भवती रेणुका ध्रुव, शिशुवती पद्मिनी साहू, किरण साहू, योगमाया साहू, प्रमिला धीवर, हेमलता धीवर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी पाल्यों ने सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यमुना साहू, सहायिका फुलवा वर्मा को उक्त आयोजन के लिए बधाई दिए। सभी ने बच्चों के साथ बैठकर खीर, पुरी, फल, पकवान का आनंद लिया । उक्त अवसर पर कार्यकर्ता यमुना साहू ने महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत संचालित ईसीसीई के विषय में साथ ही न्यौता भोज के बारे में बताया की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय, जनप्रतिनिधि,



समाजसेवियों व पालक की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन, शादी, सगाई, कोई भी वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, त्योहार आदि के अवसर पर नन्हें बच्चों के साथ भोजन में पूरक भोजन के रूप में स्वयं से भोजन, पकवान व फल को शामिल किया जा सकता है। इस आयोजन में फुलवा वर्मा का विशेष सहयोग रहा । उक्त अवसर पर सदस्यों में मंजू ,गीता, भुनेश्वरी, धनेश्वरी, तारणी, सुशीला, प्रेमलता, जागेश्वरी, हेमिन, केन्वरा, चंद्रकली, दामिनी साहू, कुमारी बाई व ग्रामीणजन उपस्थित रही ।

## संपर्क केंद्र की पहल से छात्रा को मिला आय प्रमाण पत्र

**बलौदाबाजार**। जिला प्रशासन द्वारा संचालित जनहितकारी पहल संपर्क केंद्र आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आ रहा है। इसी क्रम में तहसील पलारी के ग्राम दतान (प) निवासी राधेश्याम जायसवाल की शिकायत का शीघ्र समाधान करते हुए उनकी पुत्री ममता जायसवाल को समय पर आय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया, जिससे उनका महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित हो सका।

राधेश्याम जायसवाल ने संपर्क केंद्र में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री ममता जायसवाल को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने 24 जून 2026 को तहसील कार्यालय पलारी में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन प्रमाण पत्र जारी होने में विलंब होने के कारण कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2026 होने से प्रवेश प्रभावित होने की आशंका थी। शिकायत



प्राप्त होते ही संपर्क केंद्र ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रकरण का त्वरित निराकरण कराया और समय पर आय प्रमाण पत्र जारी कराया गया। इसके फलस्वरूप ममता जायसवाल को इंदौर स्थित महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध हो गया। समय पर समस्या का समाधान होने से ममता जायसवाल और उनके पिता राधेश्याम जायसवाल ने जिला प्रशासन एवं संपर्क केंद्र के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई के कारण उनकी महत्वपूर्ण समस्या का समय रहते समाधान हो गया और छात्रा का भविष्य सुरक्षित हो सका।

### कृषि महाविद्यालय में मनाया गया पौधारोपण सप्ताह



**भाटापारा**। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, भाटापारा में अधिष्ठाता डॉ. एचएल सोनबोइर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई द्वारा 1 से 7 जुलाई तक महाविद्यालय में पौधारोपण सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न चयनित क्षेत्रों में स्वयंसेवकों, छात्रों, समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। सप्ताह भर के इस कार्यक्रम में नीम, कटहल के अलावा कुल 150 पौधे लगाये गए। इसके अलावा कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते एक पेड़ माँ के नाम, पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओं हरियाली ही खुशहाली जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से पौधारोपण जागरूकता अभियान चलाया गया। अंतिम दिवस 7 जुलाई को कुल 55 पौधें रोपित किये गए तथा छात्रों ने पौधारोपण विषय पर पोस्टर बनाए। कार्यक्रम के समापन में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ अंगद सिंह राजपूत ने छात्रों को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि वृक्ष हमें प्राण वायु प्रदान करने के साथ साथ मृदा एवं जल संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पेड़ लगाने तक ही सीमित न रहकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिम्मेदार बनने तथा जीवन में अपने आस पास के खुले स्थानो में अधिक से अधिक पर पेड़

## रायपुर-बलौदाबाज़ार मुख्य मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने रायपुर–बलौदा बाज़ार मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले लगभग दो वर्षों से प्रदेश की भाजपा सरकार, उसके मंत्री, सांसद एवं विधायक केवल घोषणाए, पोस्टरबाज़ी और श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं, जबकि धरातल पर आज तक कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल रायपुर–बलौदा बाज़ार मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन हजारों नागरिक आवागमन करते हैं। सड़क चौड़ीकरण निश्चित रूप से आवश्यक है और कांग्रेस पार्टी विकास कार्यों का हमेशा समर्थन करती रही है। लेकिन विकास के नाम पर जनता को वर्षों तक असमंजस में रखना और बिना स्पष्ट कार्ययोजना के लोगों के अधिकारों को प्रभावित करना पूरी तरह अनुचित है।

उन्होंने कहा कि इस अनिश्चितता का सबसे अधिक नुकसान सड़क किनारे रहने वाले भूमि स्वामियों और व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है। लोग अपनी भूमि का डायवर्सन, बंटवारा एवं विक्रय नहीं करा पा रहे हैं। अनेक परिवारों के विवाह, शिक्षा, इलाज और व्यवसाय से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य केवल इसलिए रुके हुए हैं क्योंकि सरकार ने सड़क चौड़ीकरण के नाम पर स्थिति स्पष्ट नहीं की है। संबंधित शासकीय कार्यालयों में भी लोगों को कोई संतोषजनक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। गोपी साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज यह मामला भी उसकी वादाखिलाफी का एक उदाहरण बन गया है। यदि सरकार वास्तव में गंभीर होती तो अब तक डीपीआर तैयार हो चुकी होती, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई होती और निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया होता। दुर्भाग्य से दो वर्षों में केवल घोषणाएँ हुई हैं, जबकि जनता परेशान होती रही है।

## व्यवस्था में सुधार लाने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

# सड़कों पर मवेशियों की दुर्दशा से गौ सेवकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित गौ सेवक संघ की एक प्रदेश स्तरीय बैठक उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग बलौदाबाजार के परिसर में हुई। बैठक में प्रदेशभर से जुटे गौ सेवकों ने मवेशियों की दुर्दशा और अपने हक की आवाज बुलंद की। सभा के बाद संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें पूरी करने की गुहार लगाई।

इस प्रदेश स्तरीय बैठक और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से संघ के प्रदेश महामंत्री कैलाश साहू,



प्रदेश महामंत्री केशव साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी, हीरा यादव, राकेश वर्मा, ज़िला अध्यक्ष गोविंद भगत, प्रेमकुमार बोस, रामप्रसाद, देवी प्रसाद, अघनुराम, भरत सिंह, रामावतार, संतोष वर्मा, शिवकुमार, आजूराम, सूर्यकांत, विनोद सिंह, छोटन राम, भगत, नानसाय पैकरा, जोधन, भगत, यशवंत साव, शिवनाथ साय, लाजरूस, गोविन्द, भगत, प्रभात, प्रजापति, सुखसागर, महेश निषाद, सेवकराम, डाकेश साहू,ओमप्रकाश साहू, जयकुमार मिरी, परमानंद साहू सहित भारी संख्या में प्रदेशभर के प्रशिक्षित गौ सेवक और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बेसहारा मवेशी और हादसों का सफर

वक्ताओं ने कहा कि आज न तो गांवों में और न ही शहरों में मवेशियों के लिए कोई सुरक्षित छाया है। बेजुबान जानवर कड़कती धूप और खुले आसमान के नीचे सड़कों के किनारे बैठने को मजबूर हैं। इसके चलते आए दिन दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। कभी तेज रफ्तार वाहन इन मवेशियों को कुचल देते हैं, तो कभी सड़क पर बैठे इन मवेशियों को बचाने के चक्कर में इंसानों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। चिंताजनक बात यह है कि दिनों-दिन मवेशियों की संख्या घटती जा रही है, जो एक गंभीर संकट का संकेत है। अब वक्त आ गया है कि शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम जनता भी मवेशियों के संरक्षण के लिए आगे आए। 26 सालों का संघर्ष पर हाथ खाली प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ यादव ने कहा कि प्रशिक्षित गौ सेवक की नियुक्ती पंचायत कर्मी के समान पंचायत के अनुमोदन से 1998 से लेकर 2006 तक किया हैं और तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी के कृषि और पशुपालन मंत्री ननकी राम कंवर से निश्चित मानदेय देने की घोषणा की थीं। इतने साल बीत जानें के बाद यह घोषणा कागजों से बाहर नहीं आ सकी हैं। जबकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद से गौसेवक पशु पालन विभाग का कार्य टीकाकरण, बाधियाकरण, पशु संगणना कृत्रिम गर्भाधान, टेकिंग , प्राथमिक उपचार का कार्य करते आ रहा है, विभाग का ढांचा इन्हीं के कंधों पर टिका है, लेकिन बदले में इन्हें आज तक इनका उचित हक नहीं मिला। गौ धाम योजना से बंधी नई उम्मीद संघ ने पुरजोर मांग की है कि वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार ने मवेशियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो महत्वाकांक्षी गौ धाम योजना शुरू की है।

## खाद की किल्लत किसानों के लिए बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

खरीफ सीजन के दौरान क्षेत्र के किसानों के सामने खाद की उपलब्धता एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से किसानों को अपनी खेती पिछड़ने की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से बोनी और फसल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। ग्राम भालेसूर के किसान राजेंद्र धुरंधर एवं पूर्व सरपंच संतन दास बांधे ने बताया कि अंचल की सहकारी समितियों और सोसाइटियों में किसानों की मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से डीएपी खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि खेती और बोनी का महत्वपूर्ण समय चल रहा है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।किसानों का कहना है कि समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से खेती कार्य प्रभावित हो सकता है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका है। क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नजदीकी सहकारी समितियों और सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी सहित अन्य आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और वे समय पर खेती का कार्य पूरा कर सकें।

# लगातार वर्षा के बाद धान की बुआई एवं रोपाई में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 1 से 6 जुलाई के दौरान हुई लगातार एवं व्यापक वर्षा के फलस्वरूप धान की खेती के लिए पर्याप्त नमी एवं जल उपलब्ध हो गया है। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए धान की बुवाई, रोपाई, बीजोपचार, उर्वरक प्रबंधन एवं खरपतवार नियंत्रण संबंधी विस्तृत वैज्ञानिक सलाह जारी की गई है।

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि इस वर्ष मानसून का आगमन सामान्य से कुछ विलंब से हुआ, किन्तु वर्तमान में जिले के अधिकांश क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होने से धान की खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन चुकी हैं। जिन किसानों की धान नर्सरी तैयार है, वे खेतों में मचाई कर शीघ्र रोपाई प्रारंभ करें।

## कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की कृषि सलाह

### लेही पद्धति को अपनाना अधिक लाभकारी

वैज्ञानिकों ने किसानों से बीज बोने से पूर्व कार्बेन्डाजिम अथवा अन्य अनुशंसित कवकनाशी से बीजोपचार करने तथा एजोस्पाइरिलम, पी.एस.बी. एवं के.एस.बी. जैव उर्वरकों का उपयोग करने का आग्रह किया है, जिससे पौधों की प्रारंभिक वृद्धि एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार होता है। जिन क्षेत्रों में लगातार वर्षा के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति है, वहाँ लेही पद्धति को अपनाना अधिक लाभकारी रहेगा। इस विधि में 8–10 घंटे भिगोकर 24–30 घंटे तक अंकुरित किए गए बीजों की मचाई किए हुए खेत में ड्रम सीडर अथवा छिटकवा विधि से बुआई की जाती है। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि धान की सीधी बुआई में प्रारंभिक 40 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।



### मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर दिया विशेष बल

उर्वरक प्रबंधन के संबंध में किसानों को बताया गया कि प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में यूरिया, डीएपी, एनपीके, सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं पोटाश पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। डीएपी की पूरी मात्रा बुआई अथवा रोपाई के समय तथा यूरिया की अनुशंसित मात्रा दो बराबर भागों में 30–35 दिन एवं 60–70 दिन बाद देने की सलाह दी गई है। साथ ही हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम करने तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया है। कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा के वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की वर्तमान अनुकूल परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए समय पर बुआई एवं रोपाई, बीजोपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा प्रभावी खरपतवार नियंत्रण अपनाकर धान की अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय सुनिश्चित करें।

जिन किसानों के पास नर्सरी उपलब्ध नहीं है, वे लेही विधि से अंकुरित बीजों की ड्रम सीडर अथवा छिटकवा विधि से बुआई कर सकते हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि सीधी बुआई करने वाले किसान 15 जुलाई तक तथा रोपाई एवं बियासी पद्धति अपनाने वाले किसान 30 जुलाई तक अपना कार्य पूर्ण कर लें। यदि किसी विशेष परिस्थिति में बुआई या रोपाई हरेली पर्व तक भी करनी पड़े तो उत्पादन पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ेगा। मानसून के विलंबित आगमन को देखते हुए किसानों को 120 से 130 दिन में पकने वाली शीघ्र एवं मध्यम अवधि की धान किस्मों जैसे इन्द्रावती, बस्तर धान-1, छत्तीसगढ़ बारानी धान, इंदिरा एरोबिक धान, एम.टी.यू.-1010, एम.टी.यू.-1153, एम.टी.यू.-1156, एम.टी.यू.-1001, विक्रम टी.सी.आर., छत्तीसगढ़ धान-1919, छत्तीसगढ़ तेजस्वी तथा महामाया का चयन करने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त प्राचार्य का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया सम्मान



**भाटापारा।** बहु उच्च माध्य विद्यालय भाटापारा के शिक्षक-शिक्षिकायें शास उच्च माध्य विद्यालय देवरी से सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य दिनेश शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर सम्मानित किये और स्मृति भेंट किये। विदित हो कि शर्मा सितंबर 2008 से नवंबर 2025 तक लगभग 17 वर्षों तक विद्यालय में अध्यापन किये। इस दौरान सितंबर 2019 से नवंबर 2025 तक प्रभारी प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन किया। पी आर मांझी व्याख्याता व एन सी सी आफिसर, व्याख्याता गण संतोषी कंवर, जेनिफा लकड़ा, रितेश कुमार चौबे विज्ञान सहायक सहायक शिक्षक, व्यावसायिक इंस्ट्रक्टर कैलाश साहू एवं कुसुम सिंह ने सेवानिवृत्त उपरांत स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की शुभ कामना की।

### अधिवक्ता विजय सराफ का निधन, आज अंतिम संस्कार

**बलौदाबाजार।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सराफ पिता



स्व. भगवानदीन सराफ का बुधवार, 8 जुलाई को कान्हा विहार स्थित निज निवास में निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों, शुभचिंतकों एवं परिचितों में शोक की लहर है। दिवंगत विजय सराफ का अंतिम संस्कार गुरुवार, 9 जुलाई को प्रातः रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम, बलौदाबाजार में किया जाएगा। वे सोनल सराफ के पिता थे। इसके अलावा वे सुरेश सराफ, संजय सराफ एवं विनय सराफ के भाई तथा आशीष, अनीष, विकास, विवेक, शिवम, राकेश, राजीव, राहुल, राजुल, अमन, अनुज एवं एरन के चाचा थे।

### करहीबाजार में हुआ सत्संग



**करहीबाजार।** मानव उत्थान सेवा समिति शाखा करहीबाजार द्वारा महात्मा दीक्षिता बाई के सानिध्य में महामाया प्रांगण में एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज के दिव्य ज्ञान छवि पर मार्यापण कर गुरू वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। प्रेमियों द्वारा सुन्दर-सुन्दर भजन प्रस्तुत किए गए। महात्मा दीक्षिता बाई ने अपने अमृतमय सत्संग प्रवचन में कहा कि बड़े भाग्य से सत्संग की प्राप्ति होती है और सद्गुरु की कृपा से ही सत्संग मिलता है। परमात्मा के पावन नाम के बिना भक्ति दुर्लभ है, इसलिये हमे सच्चे भक्ति के लिए उस नाम को जानना जरूरी है। उसके लिए हमे समय के सद्गुरु के शरण में जाने से ही प्राप्त होगा। तत्पश्चात आरती प्रसाद के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव सेवा दल, शाखा कार्यकर्ता एवं सभी प्रेमियों का सहयोग सराहनीय रहा। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी मूलशंकर पटेल ने दी।

## कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से कसडोल भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनेगी

# बैठक में सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भाजपा मंडल कार्यालय कसडोल में मंगलवार को कसडोल मंडल की मासिक एवं परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विधानसभा प्रभारी व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आत्मीय अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. मानिकपुरी ने संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से कसडोल भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनेगी।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम मंडल एवं विभिन्न मोर्चों की नवगठित कार्यकारिणी का परिचय कराया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, बूथ सशक्तिकरण एवं टीम भावना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों को उत्साह के साथ सफल बनाने की अपील की।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, मंडल प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, जिला महामंत्री विजय यादव, मंडल सहप्रभारी सुलोचना यादव, पूर्व प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, राजकुमार जायसवाल, सरिता जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महामंत्री राजू हरिकांत साहू सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमेन, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंचायत सभा कक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं पलारी के 39 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्रही समूह के अध्यक्षों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

■ 39 पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्रही समूह के अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में चार प्रकार के कचरे के पृथक्करण, संग्रहण एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि स्वच्छ एवं साफ-सुथरा वातावरण न केवल लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है, बल्कि ग्रामों के समग्र विकास एवं जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार लाता है। कार्यशाला में ग्रामीणों को अपने घर एवं आसपास नियमित साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा स्वच्छता को जनभागीदारी का अभियान बनाने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि स्वच्छता अपनाकर अनेक संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों से बचाव संभव है। साथ ही कचरे के पुनः उपयोग एवं संसाधन के रूप में उपयोग से आजीविका और आर्थिक स्थिति में भी सुधार लाया जा सकता है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## वल्लभभाई पटेल की जयंती पर यातायात शाखा में एकता पौधारोपण अभियान

**भाटापारा।** देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत एक विशेष एकता पौधारोपण अभियान यातायात शाखा खपराडीह परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने देश की अखंडता और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए पौधे रोपे हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भाटापारा ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सरदार पटेल कि 150वीं जयंती पर यह एकता वृक्ष देश की प्रगति और हरियाली का प्रतीक बनेंगे। डीएसपी संजय कुमार साहू और एसडीओपी तारेश साहू ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपनी टीम का उत्साहवर्धन और स्वयं पौधारोपण किया।



निरीक्षक नरेश कांगे यातायात भाटापारा प्रभारी ने अपने पूरे यातायात स्टाफ के साथ मिलकर परिसर की साज-सज्जा की और विभिन्न फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

यातायात शाखा खपराडीह परिसर में लगाए गए इन सभी 'एकता वृक्षों' की देखभाल और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की यह पावन स्मृति आने वाली पीढ़ियों के लिए हरी-भरी छांव और शुद्ध हवा के रूप में जीवित रहे।

## बेतरतीब पार्किंग पर पुलिस सख्त जून में 1500 से अधिक ई-चालान

**भाटापारा।** शहर में नो पार्किंग, सड़क पर बेतरतीब वाहनों को खड़ा करने वाले वाहनों का ई चालान किया जा रहा है। यातायात पुलिस की टीम द्वारा शहर के प्रमुख सड़कों पर पेट्रोलिंग करती है और जो भी दुपहिया, चार पहिया वाहन अगर नो पार्किंग जोन में खड़े किए जाते हैं तो सीधे फोटो खींचकर ई-चालान किया जाता है। जून माह में भाटापारा में करीब 1500 से अधिक चालानी कार्यवाही की गई, जो कि जिले में अव्वल है। इसके अलावा सिटी सर्विलांस कैमरे जो कि पटपर, नाका नं. 1, नया बस स्टैण्ड, मातादेवालय क्षेत्र में करीब 80 से अधिक कैमरे लगाये गये हैं, अगर नो पार्किंग या सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन को तुरंत चालानी कार्यवाही में डाल देते हैं। शहर के सबसे ज्यादा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र जहां यातायात की टीम घूमकर फोटो लेती है और ई-चालान भेज देती है। वहीं शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र का हाल यह है कि सड़क पर दुकान लगती है, उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी।

■ 90 दिनों में नहीं भरा जुर्माना तो ब्लॉक होंगे RTO काम

दूसरी ओर यातायात शाखा के टीआई नरेश कांगे ने बताया कि लोगों में नो पार्किंग और बेतरतीब खड़े करने वाले के खिलाफ अब मुहिम तेज होगी, क्योंकि एसपी का स्पष्ट निर्देश है कि इनके खिलाफ कार्यवाही तेज होगी। यह भी बताया गया कि दुपहिया, चार पहिया वाहन अगर बेतरतीब खड़े रहते हैं तो इनको मोबाईल में ई-चालान की कापी मिलती है, इसमें न्यूनतम जुर्माना 500 रुपए है। अगर कोई वाहन मालिक 90 दिन के अंदर चालान नहीं पटाता तो यह सीधे कोर्ट में चला जायेगा और वहां पर जुर्माना देना होगा। दूसरी ओर अगर कोर्ट में जुर्माना नहीं देता है तो आरटीओ संबंधी सभी कार्य रोक दिया जायेगा। शहर के सघन इलाके बाजार प्रमुख मार्ग जहां पार्किंग की समस्या है,वहां उचित व्यवस्था की जायेगी।

# गोपालपुर का बस स्टैंड में गड्ढे ही गड्ढे

**गोपालपुर।** मानसून आने की वजह से क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा हुई, जिसके कारण गोपालपुर के बस स्टैंड में सड़क टूट गई और जहां गड्ढा होने से राहगीर गिरकर घायल हो रहे है। जिस जगह गड्ढे हुए हैं, वहीं पर बस रुकती है और वहीं पर यात्री बस के इंतजार में लोग बैठे रहते हैं, जो खतरे से कम नहीं है। अक्सर जब कोई भी वाहन गुजरता है, तो गिट्टी छिटकर लोगों को लग जाती है। ज्ञात हो कि उपरोक्त जगह मोड़ है, वहीं से सरायपाली जाने की सड़क है, वहां गड्ढे में पानी लबालब भर जाता है और अभी गहरा गड्ढा होने से राहगीर गिरने से घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने गड्ढे को पटाने की मांग शासन प्रशासन से की है, ताकि दुर्घटना से मुक्ति मिल सके।



## एक दिवसीय कार्यशाला में बताया गया बिजनेस का तरीका



भैंसा। खुशी कलस्टर भवन भैंसा में मंगलवार को बिज़नेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, बाजार से जोड़ना तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के अवसर प्रदान करना है। यह कार्यशाला उद्यमियों हेतु आयोजित की गई, जिसमें डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी, मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन एवं निर्यात अवसरों की जानकारी खुशी कलस्टर भैंसा के दीदीओ को दी गई। उक्त अवसर पर मास्टर ट्रेनरः मुनमुन जारी, जिला समन्वयक शिवेंद्र यद्दु, जनसंपर्क अधिकारी खुशी, कलस्टर भैंसा के पीआरपी पूनम गोस्वामी, दुलेंश्वरी गायकवाड, कुमारी किरण बंछोर सहित कलस्टर की महिलाएं उपस्थित थीं।

## सड़क निर्माण में लापरवाही से बढ़ी दुर्घटना की आशंका, ग्रामीणों ने की स्लोपिंग निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



जारा से मोहरा के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द संपर्क मार्गों पर स्लोपिंग निर्माण कराने की मांग की है। ग्राम भालेसूर के पूर्व सरपंच संतन बांधे ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान मुख्य सड़क को तो ऊंचा कर दिया गया है, लेकिन गांवों की ओर जाने वाले संपर्क मार्गों पर आवश्यक स्लोपिंग नहीं बनाई गई है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने से छोटे रास्तों से मुख्य सड़क पर चढ़ने और उतरने में दिक्कत हो रही है। आए दिन बाइक सवार असंतुलित होकर गिर रहे हैं और दुर्घटना की घटनाएं सामने आ रही हैं। सबसे अधिक चिंता स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर है। इसी मार्ग से प्रतिदिन लगभग 44 बच्चों से भरी स्कूल बस गुजरती है, वहीं ग्राम भालेसूर एवं आसपास के गांवों के छात्र-छात्राएं हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए प्रतिदिन ग्राम मोहरा आते-जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से स्लोपिंग निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और लोग मांग करते-करते थक चुके हैं। वर्तमान में इस मार्ग पर मुरूम एवं गिट्टी बिछाने का कार्य जारी है, ऐसे में ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग से अपील की है कि इसी दौरान आवश्यक स्लोपिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। लगभग 2500 की आबादी वाले ग्राम भालेसूर के लोग अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए मोहरा पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
📍 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) ☎ 9826446666
📍 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) ☎ 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
📍 फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
☎ 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## निजी एम्बुलेंस से 100 से अधिक मरीजों को मिला समय पर उपचार

**बिलाईगढ़।** ग्रामीणों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम खैरा बड़े की सरपंच पूर्णिमा महिलाने ने अपनी निजी राशि से एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर जनसेवा की मिसाल पेश की है। पिछले वर्ष 23 फरवरी को सरपंच पद संभालने के बाद उन्होंने ग्रामीणों की सबसे बड़ी जरूरत आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन को प्राथमिकता देते हुए यह पहल शुरू की। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर वाहन नहीं मिलने से मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए शुरू की गई इस सेवा से अब तक 100 से अधिक मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक सुरक्षित पहुंचाया जा चुका है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, गंभीर मरीजों और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को भी इस सुविधा का लाभ मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि एम्बुलेंस उपलब्ध होने से आपात स्थिति में मरीजों को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे समय, धन और परेशानी तीनों की बचत हुई है। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए सरपंच पूर्णिमा महिलाने, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की।



### विभागों को कई बार सूचित किया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं

# अहिल्दा की स्कूल में भरा पानी शिक्षकों और छात्रों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

यहां से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अहिल्दा में रविवार रात से सोमवार शाम तक हुई भारी बारिश के कारण पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जलभराव हो गया। स्कूल परिसर में 2 फीट पानी भर जाने से तालाब में तब्दील हो गया है। वहीं क्लास रुम सहित प्राचार्य कक्ष में भी घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे छोटे बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को पानी से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ा रहा है, इस स्थिति ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में बरसात का पानी भर जाने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। छोटे बच्चे अपने जूते-चप्पल हाथ में लेकर घुटनों तक भरे पानी से होकर स्कूल पहुंचे देखे गए कक्षाओं में भी पानी भर जाने से विद्यालय का माहौल प्रभावित हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, विद्यालयों में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल बारिश में ऐसी ही स्थिति उत्पन्न होती है। प्रशासन और संबंधित विभागों को कई बार सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया है।



### दूषित पानी से बीमार होने का खतरा

अभिभावकों का कहना है कि जलभराव के बावजूद छोटे बच्चों को स्कूल भेजना उनकी मजबूरी है। उन्हें बच्चों के फिसलकर चोट लगने या दूषित पानी से बीमार होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से विद्यालय परिसरों और कक्षाओं से जल निकासी व्यवस्था सुधारने, नाली निर्माण कराने की सालों से किया जा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग नहीं पंचायत और नहीं शासन प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहे हैं लगता है कुंभ करणी नींद से कब जागेंगे। पलकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो हजारों विद्यार्थियों को पूरे बरसात के मौसम में इसी समस्या से जूझना पड़ेगा।

### पानी भर जाने से कई कागजात भीग गया

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिल्दा के प्रधानपाठक अरविंद मिश्रा ने बताया, लगातार बारिश के कारण विद्यालय परिसर और कक्षाओं में पानी भर गया है। यह परेशानी अभी का नहीं है। 12 वर्ष हो गया जब भी लगातार बारिश होती है। परेशानी शुरू हो जाती है। हमने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और शाला प्रबंधन समिति को समस्या बताते थक गए, लेकिन समस्या यथावत है। बताया कि प्राचार्य कक्ष में पानी भर जाने से कई कागजात भीग गया है। वहीं बरसाती जीव जंतुओं और विद्युत प्रवाहित का डर बना रहता है। ग्राम पंचायत सरपंच ने बताया ग्रामीण निकासी नली पाट देते, जिससे निकासी नहीं पाती। किसान अपने खेतों में पानी नहीं जाने देते, इसलिए ये परेशानी होती है। सब सवाल यह उठता है कि आखिर इसका समाधान क्या है क्या स्कूली बच्चे इस बरसात अपनी पठान कैसे करेंगे क्या बच्चे और शिक्षक पानी होकर विद्यालय तक पहुंचना होगा।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**भाटापारा।** थाना सुहेला अंतर्गत ग्राम नेवारी निवासी अभियुक्त रेवाराम साहू को पीड़िता के साथ जबरदस्ती बालात्संग करने का अपराध सिद्ध होने पर व्यवहार न्यायालय भाटापारा के अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़िता ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जनवरी 22 को अपने किराए के घर में थी, तभी ग्राम नेवारी का रेवाराम साहू आया और बोला कि तुम्हारे पति ने बोला है कि मेरे घर में रुक जाना, तब वह नहीं रुकना है बोली, तब घर का दरवाजा बंद कर पीड़िता को पकड़कर खाट में लेटा दिया और शारीरिक संबंध बनाया। संभोग करने के बाद दरवाजा खोलकर चला गया। घटना की सूचना अपने पति को बताई। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर थाना सुहेला के द्वारा एफ आई आर दर्ज कर गवाहों के कथन लेख, जप्ती, मुलाहिजा आदि घटना की विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में सभी गवाहों के कथन लेखबद्ध किया गया तथा अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने अंतिम बहश में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया । अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी रेवाराम साहू को धारा 376(1) भा. द. सं. में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। उक्त प्रकरण की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक एस. के. कुरैशी एवं शासन के लिए पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-56, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# कलेक्टर ने 423 व्यक्तिगत शौचालयों के लिए 50.76 लाख की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले में ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण करते हुए विकासखंड बिलाईगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 423 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण हेतु 50.76 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रदान की गई है। इससे पात्र परिवारों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित स्वच्छता सुविधा उपलब्ध होगी तथा जिले में खुले में शौच की पुनरावृत्ति रोकने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

जिला प्रशासन ने बिलाईगढ़ जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों को स्वीकृत कार्यों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हितग्राहियों द्वारा शौचालय निर्माण पूर्ण कर जियो टैगिंग किए जाने के बाद 12,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे शौचालय निर्माण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं, ताकि जिले में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सम्मानजनक जीवन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त जनआवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। पात्र परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति प्रदान करना स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

Education CG SPECIAL Hub

कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers
Buha Deep 99.93% | Mayank Gupta 99.93% | Amit Singh 99.91% | S. Rajkumar 96.00%

NEET Star Performers
Chitendra Sahu 611/720 GMC | Subhasni Sahu 548/720 GMC DURG | Deepika Chandra 647/720 GMC RAIPUR | Vivek Kumar Verma 568/720 GMC RAJNANDGAON | Remmy Roy 609/720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career
नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच
X & XII Result
Bhupendra Sahu 94.6%, 10th | Preney Sahu 94%, 10th | Harkita Sinha 94%, 10th | Avinash Naanaday 90.8%, 10th | Ritika Soni 90.4%, 12th | Priyansh Aanand 94.4%, 12th
कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795

अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)
AVAILABLE COURSES
Fire Technology & Industrial Safety
Industrial Safety Management
Health Sanitary Inspector
Sub Fire Officer
B.sc in Fire, safety
PG in Fire Technology & Industrial Safety
Certificate in Fireman
(PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
(ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety
गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में

रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्जवल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है। संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अत: शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह नि:शुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है। संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279 8770222654 74156 74157 पर संपर्क किया जा सकता है।

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

मोबाईल सर्विसिंग कोर्स
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

कम्प्यूटर हार्डवेयर
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

इलेक्ट्रिकल कोर्स
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉटर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारर्मर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

इलेक्ट्रानिक्स कोर्स
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चुल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

फ्रीज व एसी कोर्स
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश
इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157